**S-142** Roll No. ……………………..

# DPHCN–04

## Nutrition Education

(पोषण शिक्षा)

Diploma in Public Health and Community Nutrition (DPHCN-16/17)

First Semester, Examination, 2018

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 40**

नोट : यह प्रश्न पत्र चालीस (40) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख', तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए साढ़े नौ ($9\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. पोषण शिक्षा को परिभाषित कीजिए। पोषण शिक्षा प्रदान करने की विभिन्न विधियों को विस्तार से समझाइये।
2. लौह तत्व की कमी से होने वाली रक्ताल्पता के कारणों, लक्षणों व रोकथाम के तरीकों पर चर्चा कीजिए।
3. लीगन द्वारा दिए गए संचार मॉडल को विस्तार से समझाइये।

4. जनसमुदाय में व्याप्त किन्हीं दो स्वास्थ्य समस्याओं पर चर्चा कीजिए।

खण्ड–ख

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार (04) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. कुपोषण के "बी. एम. आई. वर्गीकरण" को समझाइये।
2. "पोषण शिक्षा को विद्यालय पाठ्यक्रम का मुख्य अंग होना चाहिए।" चर्चा कीजिए।
3. वयस्कों को पोषण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्यों को समझाइये।
4. सामुदायिक पोषण से आप क्या समझते हैं ? इसके उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए।
5. आयोडीन की कमी से होने वाली किन्हीं तीन विकृतियों पर चर्चा कीजिए।
6. विटामिन 'ए' की कमी से होने वाले अंधेपन के विभिन्न चरणों का उल्लेख कीजिए।
7. क्वाशियोरकर (Kwashiorkor) पर विस्तार से चर्चा कीजिए।
8. संचार प्रक्रिया में प्रयोग होने वाले श्रव्य-दृश्य सहायकों (audio-visual aids) के चयन व मूल्यांकन हेतु मापदण्डों का उल्लेख कीजिए।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा ($\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. यह पोषण कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत नहीं आता है :
   (अ) मध्याह्न भोजन योजना
   (ब) बालवाड़ी पोषण कार्यक्रम
   (स) परियोजना पोषण
   (द) आई. सी. डी. एस.

2. यह स्थिति बच्चों में प्रोटीन-ऊर्जा अति कुपोषण से होती है :
   (अ) क्वाशियोरकर
   (ब) रक्ताल्पता
   (स) स्कर्वी
   (द) रिकेट्स

3. बॉडी मास इंडैक्स की गणना की जाती है :
   (अ) वजन (किग्रा.)/लम्बाई (मीटर)
   (ब) लम्बाई (मीटर)/वजन (किग्रा.)
   (स) वजन (किग्रा.)/लम्बाई $(\text{मीटर})^2$
   (द) वजन (किग्रा.)/लम्बाई $(\text{सेंटीमीटर})^2$

4. जीरोफ्थैल्मिया इस पोषक तत्व की कमी से होता है :
   (अ) विटामिन डी
   (ब) विटामिन सी
   (स) विटामिन बी
   (द) विटामिन ए

5. यह विटामिन शरीर में लौह तत्व के अवशोषण को बढ़ाता है :
   (अ) विटामिन डी
   (ब) विटामिन सी
   (स) विटामिन बी
   (द) विटामिन ए

6. हरी पत्तेदार सब्जियाँ इस पोषक तत्व का अच्छा स्रोत है :
   (अ) ऊर्जा
   (ब) वसा
   (स) बीटा कैरोटीन
   (द) कोलेस्ट्राल

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

7. चम्मचनुमा नाखून .......................... रोग का लक्षण है।

8. लम्बाई के अनुसार वजन कम होना .......................... कहलाता है।

9. .......................... वह स्थिति है जिसमें आहार में आयोडीन की कमी के कारण गर्दन में उपस्थित थायरॉइड ग्रंथि विस्तृत हो जाती है।

10. .......................... रोग में विटामिन 'ए' की कमी के कारण व्यक्ति कम रोशनी में देखने में असमर्थ हो जाता है।